पेज थ्री
देहरादून

स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुएं





# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### हिट एंड रन मामले में फरार आरोपी बाइक सहित गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। हिट एंड रन मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी एक नाबालिग को टक्कर मारने के बाद मौके से फरार हो गया था। मामला रायपुर थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार बीते कुछ समय पूर्व रायपुर थाना क्षेत्रांर्तगत किद्दूवाला में मनीष( 12) पुत्र अमर सिंह को अज्ञात दुपहिया वाहन चालक द्वारा टक्कर मार दी गयी थी। बताया गया कि टक्कर मारने के उपरांत आरोपी चालक मौके से फरार हो गया था।

### जालसाजों के मुकदमे वापसी करने के एवज में मिलना था त्रिवेंद्र को बेस्ट सीएम अवार्ड

देहरादून **संवाददाता**। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि अभी हाल ही में प्रदेश के महान मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत ने प्रदेश के कई जालसाजों, चार सौ बीसी करने वाले तथा कूट रचित दस्तावेज तैयार कर लोगों को धोखा देने वाले लोगों के संगीन अपराधों 420, 467, 468, 471, 120 बी, 452 व 506 आदि के मुकदमे जनहित में दर्शाकर वापस लिए।

### आयुर्वेद विश्वविद्यालय में धरना जारी

देहरादून **संवाददाता**। कर्मचारियों, शिक्षकों ने कहा कि सरकार और उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय प्रशासन उनकी इस समस्या पर मूक बना हुआ है। पूर्व विधायक और कांग्रेस नेता अमरीश कुमार अपने समर्थकों के साथ इस धरने को समर्थन देने ऋषिकुल कॉलेज पहुंचे। अमरीश कुमार ने कहा कि उत्तराखंड सरकार सत्ता के नशे में मदहोश बैठी है, कांग्रेस इन कर्मचारियों के साथ है। प्रदर्शन में शामिल ऋषिकुल महाविद्यालय के शिक्षक संजय कुमार त्रिपाठी ने कहा कि छात्रों तक के भत्ते 4 महीने से देय हैं. कर्मचारियों, शिक्षकों की तनख्वाह 25 को आएगी या अगले महीने मिलेगी इस बारे में कुछ पता नहीं रहता।

### 17 जनवरी को धूमधाम से मनेगी स्वामी रामानंदाचार्य जयंती

**संवाददाता** ऋषिकेष। तीर्थनगरी ऋषिकेश में 17 जनवरी को स्वामी रामानंदाचार्य महाराज की 720 वीं जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाई जाएगी। नगर क्षेत्र में स्वामी रामानंदाचार्य महाराज की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके लिए शीशमझाड़ी स्थित स्वामी नारायण मिशन सोसाइटी के प्रांगण में आयोजित बैठक में जयंती महोत्सव की तैयारियों पर चर्चा की गई। डा. स्वामी नारायण दास ने कहा कि शोभा यात्रा में क्षेत्र के सभी संत, व्यापारी व आम नागरिक प्रतिभाग करेंगे।

# एसिड अटैक पीड़िताओं के लिए जल्द शुरू होगी पेंशन स्कीम

**प्रस्ताव**

■ एसिड अटैक सर्वाइवर महिलाओं को छह हजार रुपये मासिक पेंशन देने का प्रस्ताव



**निर्देश:** महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के निर्देश पर विभाग कर रहा मसौदा तैयार

देहरादून। **संवाददाता**

उत्तराखंड सरकार राज्य में एसिड अटैक पीड़ित महिलाओं के लिए पेंशन योजना ला रही है। महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के निर्देश पर विभाग मसौदा तैयार कर रहा है। इसमें एसिड अटैक सर्वाइवर महिलाओं को छह हजार रुपये मासिक पेंशन देने का प्रस्ताव है। इसके अलावा उन्हें अन्य सुविधाएं देने पर भी विचार हो रहा है। अब जल्द ही यह मसौदा कैबिनेट के समक्ष रखा जाएगा।

उत्तराखंड में एसिड अटैक पीड़ित महिलाओं की संख्या 11 है। अब सरकार इनके सशक्तीकरण की दिशा में कदम बढ़ाने जा रही है। इसके तहत एसिड अटैक पीड़ित महिलाओं को पेंशन देने की योजना है। महिला सशक्तीकरण राज्यमंत्री रेखा आर्य के निर्देश पर महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग इसका मसौदा तैयार कर रहा है। सूत्रों के अनुसार इस योजना का मसौदा लगभग तैयार है।

इसमें एसिड अटैक पीड़ित महिलाओं को छह हजार रुपये प्रति माह पेंशन के साथ ही उन्हें रोजगारपरक प्रशिक्षण समेत अन्य सुविधाएं देने के प्रविधान प्रस्तावित किए जा रहे हैं। महिला सशक्तीकरण राज्यमंत्री आर्य ने कहा कि इसके पीछे की मंशा एसिड अटैक सर्वाइवर को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है।

पेंशन दिए जाने से ऐसी महिलाओं को काफी हद तक मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि पेंशन और सुविधाएं देने का मसौदा अगली कैबिनेट के समक्ष रखा जाएगा। पेंशन की राशि कितनी रखी जानी है, कैबिनेट ही इस पर मुहर लगाएगी।

### पहाड़ों में हुई बर्फबारी से परिवहन निगम को झटका

देहरादून **संवाददाता**। पहाड़ों में हुई बर्फबारी से जहां आम जनजीवन पर खासा असर पड़ा, वहीं परिवहन निगम को भी करारा झटका लगा है। बर्फबारी के चलते बसों का संचालन न होने से परिवहन निगम की आय में भारी कमी हुई है। महाप्रबंधक दीपक जैन का कहना है कि बर्फबारी से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जिन इलाकों में मौसम साफ है और बसों का संचालन किया जा सकता है तो बसों के संचालन कराया जाय। पिछले दिनों मसूरी समेत राज्य के ज्यादातर पर्वतीय इलाकों में हुई बारिश व भारी बर्फबारी के चलते बसों का संचालन नहीं हो पाया।

# पर्वतीय खेती के लिए जलाशयों व झीलों का संवर्धन जरूरी

**सेमिनार**

■नाबार्ड द्वारा स्टेट क्रेडिट सेमिनार 2020–21 का आयोजन
■क्लस्टर आधारित खेती, वैल्यु एडिशन और जैविक उत्पादों के सर्टिफिकेशन पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता: सीएम

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने क्लस्टर आधारित खेती, वैल्यु एडिशन और जैविक उत्पादों के सर्टिफिकेशन पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता बताई। वर्ष 2020–21 के लिए नाबार्ड द्वारा उत्तराखण्ड की कुल ऋण सम्भाव्यता 24,656 करोड़ रूपए आंकलित की गई है। इनमें से लगभग 11,802 करोड रूपए की कृषि ऋण सम्भाव्यता है। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा है कि पर्वतीय खेती के लिए सिंचाई की सुविधा पर ध्यान केंद्रित करना होगा। इसके लिए जलाशय विकसित करने हांगे। क्लस्टर आधारित खेती और जैविक उत्पादों के सर्टिफिकेशन की व्यवस्था भी किसानों की आय को बढ़ाने के लिए बहुत जरूरी है।

मुख्यमंत्री एक स्थानीय होटल में नाबार्ड द्वारा आयोजित स्टेट क्रेडिट सेमिनार 2020–21 में सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड भौगोलिक विषमताओं वाला प्रदेश है। पर्वतीय खेती अधिकांशतः असिंचित है। लिफ्ट सिंचाई बहुत खर्चीली होती है। इसलिए ग्रेविटी आधारित पेयजल व सिंचाई के लिए पानी की आपूर्ति के लिए जलाशयों का निर्माण जरूरी है। सूखते जलस्त्रोतों को देखते हुए वर्षा जल संचयन महत्वपूर्ण है। नदियों के पुनर्जीवन के लिए भी जलाशय आवश्यक हैं। चाल–खाल भी बचाने होंगे। राज्य सरकार ने इस दिशा में शुरूआत की है। पिथौरागढ़, चम्पावत, अल्मोड़ा, पौड़ी, चमोली, देहरादून आदि जिलों में जलाशय व झीलें विकसित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालयी राज्य उत्तराखण्ड के कृषि व संबंधित उत्पाद स्वाभाविक रूप से जैविक हैं। इनके सर्टिफिकेशन की सही तरीके से व्यवस्था करनी होगी। किसानों को भी इसकी जानकारी देनी होगी। कृषि मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने खेती के क्षेत्र में कई पहल की है। यही कारण है लगातार दो बार कृषि कर्मण पुरस्कार सहित पिछले 2 वर्षों में 6 पुरस्कार उत्तराखण्ड को मिले हैं। आर्गेनिक खेती में हम काफी आगे बढ़ चुके हैं। इंटीग्रेटेड एग्रीकल्चर से किसानों की आय बढ़ाई जा सकती है। खेती के साथ एलाईड सेक्टर को लेना होगा। पिछले कुछ समय में बहुत से युवाओं ने कृषि व कृषि संबंधित गतिविधियों के माध्यम से रिवर्स पलायन किया है।

नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक सुनील चावला ने बताया कि वर्ष 2020–21 के लिए नाबार्ड द्वारा उत्तराखण्ड की प्राथमिकता क्षेत्र हेतु कुल ऋण सम्भाव्यता 24,656 करोड़ रूपए आंकलित की गई है। जबकि वर्ष 2019–20 में यह 23,423 करोड़ रूपए थी। इस वर्ष के स्टेट फोकस पेपर का विषय 'उच्च तकनीकी से कृषि' है।



नाबार्ड द्वारा आयोजित स्टेट क्रेडिट सेमिनार का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते सीएम।

### राजेन्द्र की सकुशल वापसी के लिए प्रार्थनाए

देहरादून **संवाददाता**। छह दिनों से लापता हवलदार राजेन्द्र सिंह का कोई समाचार न मिलने से उनके परिजनों की बेचैनी बढ़ती ही जा रही है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है तथा लोग उनकी सकुशल वापसी की प्रार्थनाएं कर रहे है। आठ जनवरी से लापता राजेन्द्र सिंह गुलमर्ग में ड्यूटी के दौरान बर्फ पर पैर फिसलने से पाकिस्तान की सीमा में चले गये थे उसके बाद से उनका कोई अता पता नहीं मिल सका है। 8 जनवरी को ही अंतिम बार उनकी अपनी पत्नी राजेश्वरी देवी से बात हुई थी जिसमें उन्होने मौसम की कठिनाइयों का जिक्र करते हुए कहा था कि उनका जैनरेटर भी खराब हो गया है। राजेन्द्र सिंह का परिवार इन दिनों दून के अम्बीवाला में रहता है। उनके माता पिता व पत्नी तथा बच्चों का रो रोकर बुरा हाल है।

दिन रात बेचैनी में कट रहे है तथा हर पर वह यह उम्मीद लगाये बैठे है कि कहीं से उनके बेटे की कुशलता का कोई समाचार मिल सके। लेकिन 6 दिन बीत जाने के बाद भी उन्हे कोई खबर नहीं मिल सकी है।

### सुबोध और मोनल बने मिस्टर एंड मिस यूके 2020

**संवाददाता** देहरादून। हिमालयन बज ने आज होटल सॉलिटेयर में मिस्टर एंड मिस उत्तराखंड 2020 का ग्रैंड फिनाले आयोजित किया। सुबोध उनियाल ने मिस्टर उत्तराखंड 2020 का खिताब जीता, जबकि मोनल राज बिष्ट को मिस उत्तराखंड 2020 के खिताब से नवाजा गया।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादक: प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालय:**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।